53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.2°c अधिकतम 33.7 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:26, सूर्यास्त - 7:22 | वर्ष : 53/ अंक : 188 | बुधवार, 09 जुलाई 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

किसी को गलत समझने से पहले एक बार उसके हालत समझने की कोशिश जरूर कर लें।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

भाजपा जाए, तो कानून-व्यवस्था आए, जीरो हुआ जीरो टॉलरेंस : अखिलेश यादव



हजारों ख्वाहिशें ऐसी.....कि हर ख्वाहिश पे दम निकले...

# गाड़ी का जरा सा संतुलन क्या बिगड़ा, थम गयी तीन सांसे

**मुजफ्फरनगर, 8 जुलाई (बु.)।** आए दिन सड़क हादसों में लोगों की जान जा रही है, मगर बड़ी बात यह है कि सबक लेने को कोई तैयार नहीं होता। ऐसा ही एक हादसा देर रात 12:30 बजे दिल्ली-हरिद्वार नेशनल हाइवे पर छपार के पास तब हुआ, जब एक वैगनआर कार अनियंत्रित होकर ट्रक से जा टकराई। हादसे में पति-पत्नी सहित मासूम बच्चे ने अपनी जान गंवा दी। उक्त परिवार गुरूग्राम से चलकर हरिद्वार यात्रा के लिए जा रहा था। कार में गुरूग्राम के राठीवास गांव के अभिषेक राठी अपनी पत्नी पूजा और अपने दोस्त सुमित के परिवार के साथ हरिद्वार जा रहे थे। कार में कुल 6 लोग सवार थे। कार अभिषेक राठी का दोस्त सुमित चला रहा था। एकाएक सुमित का संतुलन बिगड़ गया और कार ट्रक के पिछले हिस्से में जोरदार तरीके से जा टकराई। चूंकि वैगनआर कार सबसे असुरक्षित कार मानी जाती है, ऐसे में वैगनआर कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के बाद वहां भीड़ जमा हो गयी और आनन-फानन में पुलिस और राहगीरों ने यात्रियों को कार से निकाला। घटनास्थल पर ही अभिषेक राठी और उनके मासूम चार वर्षीय पुत्र ईशान की मौत हो चुकी थी जबकि अभिषेक की पत्नी पूजा को मेरठ के निजी



चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया मगर उपचार दौरान पूजा की भी मौत हो गयी। जबकि दूसरा परिवार सुमित, उसकी पत्नी व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतक तीनों लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पीड़ित पक्ष की शिकायत



पर मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। माना जा रहा है कि या तो चालक सुमित को गाड़ी चलाते समय नींद की झपकी आई है या गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि ट्रक आगे आता देख सुमित संभल नहीं पाया। जांच के बाद पुलिस इस बात की पुष्टि करेगी।





## जो लोग सनातन को मिटाना चाहते हैं, अधिकांश राजनैतिक पार्टियां यहां तक कि किसान यूनियन तक उन्हीं के हो गए, हमें सिर्फ भगवान ही बचा सकता है

**मुजफ्फरनगर, 8 जुलाई (बु.)।** उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में मंगलवार को एक कार्यक्रम के आयोजन के सिलसिले में गांधी कॉलोनी स्थित बारात घर में पहुंचे डासना मंदिर के महंत स्वामी नरसिंहानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि हम लोग सनातन धर्म के मानने वाले हैं हम किसी जाति के मानने वाले हो चाहे किसी संप्रदाय के हम सभी का अस्तित्व संकट में है और सबसे दुख की बात यह है कि आज हमारे लिए लड़ने वाला ना कोई धर्मगुरु है ना हमारे लिए कोई नेता है और ना हमारे लिए कोई संगठन है और जो लोग हमें मिटाना चाहते हैं उनकी बहुत सारी पॉलिटिकल पार्टियों हैं भारत की सभी पॉलिटिकल पार्टियों आजकल उन्हें सपोर्ट कर रही है और यहां पर किसान यूनियन जैसे संगठन एक तरह से उन्हीं के हो गए हैं अब केवल भगवान हमें बचा सकते हैं तो इसलिए हम यहां 9 दिन का महायज्ञ मां भगवती बगलामुखी जो सनातन धर्म में शत्रु विनाश की देवी मानी जाती है हमारी मां से प्रार्थना रहेगी कि यज्ञ के माध्यम से सनातन धर्म की रक्षा करें सनातन धर्म के मानने वालों की रक्षा करें हमारे बच्चों की रक्षा करें और जो सनातन धर्म के दुश्मन है उनका विनाश करें। और श्रीमद् भागवत गीता जो भगवान श्री योगेश्वर ने मानवता की रक्षा के लिए दी थी उसे पर विचार विमर्श होगा तो 2 दिन का श्रीमद्भागवत गीता महाकुंभ इसी धर्मशाला में होगा और यह संदेश सारी दुनिया को जाएगा की श्री योगेश्वर ने क्या कहा था और उसके क्या सत्य अर्थ हैं यह कार्यक्रम कनागतों में होगा 7 सितंबर से महायज्ञ शुरू होगा 13 और 14 तारीख को कनागतों की सितंबर में यहां श्रीमद् भागवत गीता महाकुंभ होगा । कावड़ यात्रा के दौरान कांवड़ पर थूकने जैसी घटनाओं के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह इस्लाम है मुसलमान का वास्तव में धर्म यही है वह हर तरह से हिंदुओं धर्म को भ्रष्ट करते हैं। हमें बर्बाद करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि एक भी ढाबा ऐसा नहीं होना चाहिए जहां नाम छुपा कर कुछ चीज बेची जा रही हो वह नाम छुपा कर क्या बेच रहे हैं। अपना खुद का नाम बताएं और जो लोग उनका समर्थन कर रहे हैं सब लोग देशद्रोही हैं और सनातन धर्म



के दुश्मन है वह उत्तर प्रदेश के मुख्य योगी जी से अनुरोध करता हूं कि इस पर एक्शन ले और ऐसे सभी ढाबों को बंद करवाये जहां गलत नाम से और गलत सूचनाओं के आधार पर लोगों का धर्म भ्रष्ट किया जा रहा है। उन्होंने स्वामी यशवीर महाराज का समर्थन करते हुए कहा कि मैं स्वामी यशवीर महाराज से सहमत हूं और मैं स्वामी यशवीर महाराज का समर्थन करता हूं। जो हिंदुत्व के लिए लड़ रहे हैं जो लोग जानबूझकर दूसरों का धर्म भ्रष्ट करना चाहते हैं उन्हें तो कुचल देना चाहिए और मैं उत्तर प्रदेश के मुख्य योगी जी से अनुरोध करता हूं कि जो लोग जानबूझकर दूसरे लोगों का धर्म भ्रष्ट करते हैं ऐसे लोगों के विरुद्ध और ऐसी मानसिकता के विरोध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें ।

## खाने में मिली प्याज, कावंड़ियों ने किया इलाज

**मुजफ्फरनगर, 8 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा अभी अपने चरम पर पहुंची भी नहीं और लगातार कांवड़ यात्रा में कोई न कोई विवाद सामने आ रहा है। सोमवार की रात लगभग तीन बजे पुरकाजी थाना क्षेत्र के एनएच-58 पर एक ढाबे पर उस समय हरियाणा के कांवड़ियों ने कई कुर्सियां व फर्नीचर का सामान तोड़ डाला, जब कांवड़ियों को भोजन में प्याज परोसा गया। उक्त घटना पुरकाजी थाना क्षेत्र के फलौदा में पड़ने वाले श्री सिद्ध बाबा बालकनाथ ढाबे की है। बताया जाता है कि पहले सिर्फ चार कांवड़िया ही थे मगर जब प्याज परोसने की सूचना मिली तो 100 से ज्यादा एकजुट हो गए और उन्होंने ढाबे में ऐसी कोई चीज नहीं छोड़ी, जिसे तोड़ा न हो। काउंटर, कुर्सी, हॉर्डिंग, गमले आदि सबकुछ टुकड़े-टुकड़े कर दिये। वहीं ढाबा मालिक की मानें तो उक्त ढाबा पंजाबी ढाबा है। ढाबे के मालिक निशान्त ने बताया कि श्री सिद्ध बालकनाथ पंजाबी वैष्णो ढाबा मेरे नाम से है। सुबह करीब 3 बजे उनके ढाबे पर चार कांवड़िए भोजन के लिए आए। गलती से एक प्याज का टुकड़ा थाली में चला गया तो कांवड़िए तोड़फोड़ पर उतर आए। मालिक के अनुसार कांवड़िए ने शीशे पर हाथ मारा, जिससे शीशा उसके हाथ में लग गया और उसके से खून निकल गया। उक्त घटना को जाकर जब कांवड़िए ने दूसरे ढाबे पर बताया तो खून से








लथपथ कांवड़िए को देखकर 100-150 कांवड़िए आ गए और ढाबे में जमकर तोड़फोड़ की। ढाबा मालिक के अनुसार उसने माफी मांगने की लाख कोशिश की मगर कोई नहीं माना। पुलिस भी मौके पर आई मगर कांवड़िओं की ताकत के सामने खामोश रही। ढाबा मालिक के अनुसार उसका एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है, फिलहाल ढाबा बंद हो गया है। उक्त मामले में एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत ने पूरे घटनाक्रम की पुष्टि की और कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जो तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुरूप कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल कांवड़ियों को समझा-बुझाकर भेजने का काम पुलिस ने किया है।

## नगर में दो घटनाओं के बाद ओर अलर्ट दिखाई दिया प्रशासन

**▶▶नगर क्षेत्र में भारी पुलिस बल संग अफसरों ने किया फ्लैग मार्च ▶▶कांवड़ मार्ग का किया डीएम, एसएसपी ने स्थलीय निरीक्षण ▶▶जिले में 20 वॉच टॉवर और 600 स्थानों पर रहेगी पुलिस की ड्यूटी**

**मुजफ्फरनगर, 08 जुलाई (बु.)।** आगामी कांवड़ यात्रा मेले को निर्विघ्न संपन्न कराने के साथ जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने के उद्देश्य से डीएम व एसएसपी द्वारा थाना क्षेत्र सिविल लाईन व नगर कोतवाली में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। नगर के कच्ची सड़क क्षेत्र में बीते दिनों हुए दो मामलों के बाद पुलिस-प्रशासन ओर भी अलर्ट मोड़ पर दिखाई दिया। इसके साथ संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात अधीनस्थों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्र में फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों को कांवड़ यात्रा में सहयोग किए जाने के साथ जिला प्रशासन की सख्ती का संदेश देना भी रहा। उत्तर भारत की ऐतिहासिक एवं धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रावण माह की कांवड़ यात्रा अपने मुख्य पड़ाव की ओर तेजी से अग्रसर है। इस बीच जिले में बीते दिनों हुई घटनाओं के बीच में कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न संपन्न कराने के साथ ही मुजफ्फरनगर में कानून, शान्ति व्यवस्था के साथ सुरक्षा के प्रति सख्ती का संदेश देने की खातिर डीएम उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार वर्मा के नेतृत्व में सिविल लाईन एवं कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस बीच आलाधिकारियों ने जिला अस्पताल तिराहा, मदीना चौक, बझेड़ी



अंडरपास समेत प्रमुख चौराहों, बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों तथा मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस एवं पीएसी बल के साथ फ्लैग मार्च करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने इस बीच आमजन को सुरक्षा का एहसास कराने के साथ प्रशासन की सख्ती का संदेश भी दिया। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को भ्रमणशील रहकर पेट्रोलिंग करने, ड्रोन के माध्यम से छतों के साथ संवेदनशील स्थानों की निगरानी करने, संदिग्ध लोगों की चेकिंग करने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने समेत अन्य जरुरी निर्देशों से अवगत कराया गया। साथ ही उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान डॉग स्कॅवायड, इन्टेलिजेंस तथा बम निरोधक दस्तों को सक्रिय रहते हुए चैकिंग करने के निर्देश दिए। बता दें, जनपद में कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए 600 स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ 20 स्थानों पर वॉच टॉवर से निगरानी करने की व्यवस्था की गई है। फ्लैग मार्च के दौरान एसपी सिटी नगर सत्यनारायण प्रजापत, सीओ सिटी राजू कुमार साव, पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा ने कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए अब तक की तैयारियों, मार्ग पर लगे चेतावनी/सांकेतिक बोर्ड, कांवड़ मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त उपलब्धता एवं उनकी दशा व दिशा तय करने के साथ, मार्ग में पथ प्रकाश, पेयजल आपूर्ति, शौचालय, शिविरों के स्थान, बेरिकेडिंग, सड़क निर्माण, एम्बूलेंस के निर्धारित स्थान आदि का निरीक्षण करते हुए तैयारियों को समयावधि में पूरा करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारी नौ जुलाई को करेंगे हड़ताल

**लखनऊ 08 जुलाई (वार्ता)** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश भर में लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी उत्तर प्रदेश में किए जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में 09 जुलाई को एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल के साथ उप्र के एक लाख से अधिक बिजली कर्मचारी, संविदा कर्मी ,जूनियर इंजीनियर और अभियंता पूरे दिन कार्यालयों अथवा कार्य स्थल के बाहर आकर व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को यहां बताया कि नौ जुलाई को होने वाली हड़ताल केंद्र और राज्य सरकारों की निजीकरण की नीति के विरोध में की जा रही है। उन्होंने बताया कि नौ जुलाई की हड़ताल में बिजली के साथ रेल, बैंक, बीमा, बी एस एन एल, पोस्टल, केन्द्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम, केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के कर्मचारी, निजी कल कारखानों के कर्मचारी और मजदूर सम्मिलित होंगे।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाउ लाल वैष्णव का निधन

**जोधपुर 08 जुलाई (वार्ता)** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाउ लाल वैष्णव का मंगलवार को यहां निधन हो गया। वह करीब 81 वर्ष के थे। वह पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार थे और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जोधपुर में भर्ती थे। एम्स सूत्रों के अनुसार श्री दाउ लाल वैष्णव ने मंगलवार पूर्वाह्न 11:52 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डा प्रेम चंद बैरवा, केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है। श्री बागडे ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इसी तरह श्री शर्मा ने दुख जताते हुए कहा कि श्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊ लाल वैष्णव के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त उनके परिजनों के साथ है।

## कांवड़ यात्रा विद्युत विभाग का काबिले-तारीफ फैसला, बिजली के पोलों पर लगाई गयी पन्नी

**मुजफ्फरनगर, 08 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा को देखते हुए प्रशासन पूरी कोशिश कर रहा है कि यात्रियों को कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े। ऐसे में विद्युत विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए मार्गो के आसपास के बिजली के पोलों में पन्नियां लगा दी हैं। जानकारी के अनुसार अभी तक क्षेत्र के करीब 600 में से 400 खंभों पर निगम की ओर से पन्नी लगवाई गई है। बाकी बचे पोलों पर भी जल्द ही पन्नी लगा दी जाएगी दरअसल में इस फैसले का मुख्य कारण यह है कि बरसात के मौसम में बारिश के बाद इन लोहे के पोलों पर करंट आ जाता है, जिसके कारण कांवड़ियों ही नहीं आम राहगीरों की जान को भी खतरा हो सकता है। इसके अतिरिक्त आपको बता दें कि विभाग ने विद्युत ट्रांसफार्मरों के चारों तरफ बेरीकेडिंग भी की है, ताकि कोई इसके आसपास ना आ सके। आम तौर पर देखा गया है कि बेरीकेडिंग ना होने के कारण कई जानवर भी इसकी चपेट में आ जाते हैं। कांवड़ यात्रा के मार्गो पर साफ-सफाई का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्रशासन जिस मुस्तैदी से काम कर रहा है, ऐसा लगता है कि इस बात की पूरी कोशिश की जा रही है कि बाद में कोई प्रशासन पर किसी तरह सवाल ना उठाये। बता दें कि प्रशासन लगातार बैठकें कर इस बात को पुख्ता कर रहा है कि यात्रा के दौरान कांवड़ियों को किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो। कांवड़ यात्रा को लेकर पीवीवीएनएल ने भी तैयारी शुरू कर दी है। मुख्य अभियंता मेरठ जोन ने शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यों की योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा से पहले शहर में 450 विद्युत पोल को प्लास्टिक से कवर किया जाएगा। 450 पोल पर जंपर लगाए जाएंगे।



***जेई स्तर के अधिकारी किये गये हैं तैनात***

*मुजफ्फरनगर, 08 जुलाई (बु.)। जानकारी के अनुसार यात्रा को लेकर कॉल सेंटर भी बनवाये गये हैं, जिस पर उपभोक्ता अपनी समस्या बता सकेंगे। इसके अलावा कांवड़ शिविर को लेकर आने वाली समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में भी जेई, उपखंड अधिकारियों व अन्य अधिकारियों की तैनाती की गई है। विभागीय अधिकारियों की ओर से भी प्रबंधन को हर तरह की समस्या से अवगत कराया गया है।*

## अवैध धर्मातरण के आरोपियों की जब्त की जायेंगी सम्पत्तिः योगी

**लखनऊ 08 जुलाई (वार्ता)** धर्मांतरण के आरोपी जमालउद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गतिविधियों को राष्ट्र विरोधी बताते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जायेंगी और उन्हे ऐसी सजा दिलायी जायेगी जो समाज के लिये उदाहरण प्रस्तुत करेगा। योगी ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया ''हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी जलालउद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं।'' उन्होंने कहा '' उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतेगी। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। राज्य में शांति, सौहार्द्र और महिलाओं की सुरक्षा को भंग करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्हें कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज के लिए एक उदाहरण बने।'' गौरतलब है कि हाल ही में यूपी एटीएस ने अवैध धर्म परिवर्तन के एक बड़े गिरोह के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को गिरफ्तार किया है, जिसके ऊपर 50 हजार रुपये का इनाम था।





